बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :- 17-तक0 को0-312/2018-Part-IV.........177.........पटना, दिनांक :- 11/01/2024

आदेश

भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के आदेश संख्या-1600 दिनांक-20.09.2019 द्वारा राज्य के 20 जिलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ करने का आदेश निर्गत है।

वर्त्तमान में उच्चस्तरीय समीक्षा उपरान्त सम्पूर्ण राज्य में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ करने के लिए निम्नांकित निर्णय लिये जाते हैं-

(i) राज्य के प्रथम चरण के 20 जिले यथा-बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद, अररिया, सीतामढ़ी, सुपौल, प0 चम्पारण, शिवहर, बांका, शेखपुरा, सहरसा, कटिहार, पूर्णियाँ, मुंगेर, नालंदा, खगड़िया, अरवल, मधेपुरा, जमुई एवं किशनगंज के 89 अंचलों के साथ उक्त जिले के शेष सभी अंचलों एवं 18 जिले यथा-रोहतास, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, औरंगाबाद, नवादा, गया, पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण, सिवान, गोपालगंज, दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, भागलपुर एवं सारण के सभी अंचलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

(ii) राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक अंचल में एक-एक विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त शिविर स्थापित किए जाऐंगे।

(iii) अंचलस्तरीय प्रत्येक शिविर में 01 शिविर प्रभारी-सह-विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, 02 विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, दो लिपिक तथा अंचल में प्रत्येक चार राजस्व ग्राम के लिए एक विशेष सर्वेक्षण अमीन को पदस्थापित किया जाएगा।

(iv) भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के आदेश संख्या-1600 दिनांक-20.09.2019 के आलोक में विशेष सर्वेक्षण संचालित राज्य के 20 जिलों के कुल 220 अंचलों के 89 अंचलों में कार्यरत 208 विशेष शिविरों को पुर्नगठित करते हुए एक अंचल में एक से अधिक गठित विशेष सर्वेक्षण शिविरों को अंचल स्तरीय शिविर के साथ संबद्ध किया जाएगा।

उपरोक्त पर माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के आदेश संख्या-1600 दिनांक-20.09.2019 को इस हद तक संशोधित समझा जाए।

(जय सिंह) 11/1/24

निदेशक,

भू-अभिलेख एवं परिमाप,

बिहार, पटना।

ज्ञापांक :- 17-तक0 को0-312/2018-Part-IV.........177......... पटना, दिनांक :- 11/01/2024

प्रतिलिपि :- सभी समाहर्त्ता-सह-बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/सभी बंदोबस्त पदाधिकारी, बिहार/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता-सह-प्रभारी पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक

भू-अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :- 17-तक0 को0-312/2018-Part-IV.........177......... पटना, दिनांक :- 11/01/2024

प्रतिलिपि :- उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना-7 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक

भू-अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :- 17-तक0 को0-312/2018-Part-IV.........177......... पटना, दिनांक :- 11/01/2024

प्रतिलिपि :- अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक

भू-अभिलेख एवं परिमाप 11/1/24

D:\Sanjeev-2023\Birendra\Order\file_312_2018_22.12.2023.doc